non-Gazetted Officers in Kerala observed protest hunger strike on the 27th November, 1964;

(b) if so, what were their demands; and

(c) the steps taken by Government to avert the hunger strike?

**The Minister of State in the Ministry of Home Affairs (Shri Hathi):** (a) Yes. The Government of Kerala have reported that a number of non-Gazetted officers of the State Government attended offices without taking food on the 27th November, 1964.

(b) Their demands were: (1) parity with the pay-scales and conditions of service admissible to Central Government employees, (2) appointment of a Pay Commission and (3) grant of interim relief of Rs. 25 per mensem.

(c) The Government of Kerala have reported that the demands of their employees are such as would involve large-scale financial commitment on their part. The State Government have requested the Central Government for financial assistance. The matter is under consideration of the State Government in consultation with the Central Government.

## सदाचार समिति

1821. { **डा० राम मनोहर लोहिया :**
**श्री किशन पटनायक :**

क्या **गृह-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सदाचार समिति को 31 अक्तूबर, 1964 तक ऐसी कितनी शिकायतें प्राप्त हुई जो भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों को (मंत्रालय-वार) उन पर कार्यवाही आरम्भ करने के लिए भेज दी गई थीं ;

(ख) उन में से कितनी शिकायतों पर अब तक कार्यवाही की गई है और किस प्रकार की कार्यवाही की गई है;

(ग) क्या सरकार को उन व्यक्तियों के उत्पीड़न और नौकरी से बर्खास्त किये जाने के बारे में, जिन्होंने अपने वरिष्ठ अधिकारियों के विरुद्ध सदाचार समिति के समक्ष अपने मामले पेश किये थे, कोई शिकायतें प्राप्त हुई हैं ; और

(घ) यदि हां, तो ऐसी शिकायतों पर सरकार ने क्या कार्यवाह की है ?

**The Minister of State in the Ministry of Home Affairs (Shri Hathi):** (a) 733 complaints in respect of the various Ministries and Departments of the Government of India were received in the Ministry of Home Affairs from Sanyukta Sadachar Samiti upto 30th November, 1964. A Ministry-wise break-up of these complaints is given in the Statement laid on the Table of the House. [*Placed in Library. See* No. LT-3726/64].

(b) All complaints were forwarded to the Ministries or Departments concerned. Suitable replies in respect of 359 of them were sent by 30th November, 1964.

(c) Yes.

(d) They are under inquiry.

## तस्कर व्यापारियों का फरार हो जाना

1821-A. { **श्री म० ला० द्विवेदी :**
**श्री सं० चं० सामन्त :**
**श्री सुबोध हंसदा :**
**श्रीमती सावित्री निगम :**
**श्री बृजराज सिंह :**

क्या **गृह-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि तस्कर व्यापारियों के एक अन्तर्राष्ट्रीय गिरोह के तीन सदस्य, अब्दुल हकीम, अब्दुल अजीज तथा अफजल हुसैन जो हाल में ही तस्कर व्यापार में लगे हुए थे को भारतीय सीमा शुल्क अधिकारियों ने गिरफ्तार किया था ,

(ख) क्या यह भी सच है कि उन में से एक व्यक्ति, जिस को जमानत पर दिल्ली जेल से रिहा कर दिया गया था, पुलिस विभाग के निगरानी कर्मचारियों की आंख में धूल झोंक कर पाकिस्तान पहुंच गया तथा अन्य दोनों व्यक्ति, उन के विरुद्ध की जाने वाली जांच-पड़ताल के दौरान गायब हो गये ;

(ग) यदि हां, तो इन अपराधियों का पता लगाने के लिए सरकार ने क्या कार्यवाही की है ; और

(घ) इस मामले में सम्बन्धित अधिकारियों ने जो असावधानी बरती क्या उस के बारे में कोई जांच की गई है ; और यदि हां, तो उस का क्या परिणाम निकला ?

**गृह-कार्य मंत्रालय में उपमंत्री (श्री ल० ना० मिश्र)** : (क) केवल एक ही व्यक्ति सीमा-शुल्क अधिकारियों द्वारा पकड़ा गया था । एक और व्यक्ति पर तस्कर व्यापार के मामले में लगे होने का आरोप है । तीसरे के बारे में कोई सूचना उपलब्ध नहीं है ।

(ख) ऐसा समझा जाता है कि जो व्यक्ति पकड़ा जा कर जमानत पर छोड़ा गया था, वह बच कर पाकिस्तान को भाग गया है । दूसरा व्यक्ति जांच की प्रारम्भिक अवस्था में और उस के तस्कर व्यापार से सम्बन्धित होने के बारे में सबूत उपलब्ध होने से पहले, गायब हो गया था ।

(ग) अपराधियों का पता लगाने की चेष्टाएं की जा रही हैं ।

(घ) एक विभागीय जांच की गई थी और उसके परिणामस्वरूप एक सहायक उप-निरीक्षक का दर्जा घटाया गया और एक हैड कान्स्टेबल को नौकरी से निकाल दिया गया ।

**Revenue on Gas and Carbide**

1821-B. **Shri Gulshan:**
**Shri Hukam Chand Kachhavaiya:**
**Shri Onkar Lal Berwa:**
**Shri Y. D. Singh:**

Will the Minister of **Home Affairs** be pleased to refer to the reply given to Unstarred Question No. 1171 on the 27th September, 1964 and state:

(a) whether it is a fact that the Delhi Administration have not so far deleted gas and carbide from the registration certificates of many merchants in Delhi and there is a heavy loss to Government;

(b) if so, the action Government propose to take in the matter to prevent this loss of revenue; and

(c) whether Government have received any representation in this respect and if so, the result thereof?

**The Minister of State in the Ministry of Home Affairs (Shri Hathi): (a)** to (c). The requisite information is being collected and will be laid on the Table of the House.

---

**12.26 hrs.**

*RE*: CALLING ATTENTION NOTICE
(*Query*)

**अध्यक्ष महोदय** : श्री मौर्य ।

**श्री बागड़ी** (हिसार) : अध्यक्ष महोदय, मेरा एक व्यवस्था का प्रश्न है . . . . .

**श्री मौर्य** (अलीगढ़) : अध्यक्ष महोदय, मैं तो व्यवस्था का प्रश्न उठाने के लिए पहले से ही खड़ा हुआ हूं ।

**अध्यक्ष महोदय** : बागड़ी साहब ठहर जायें । चूंकि यह पहले से खड़े हुए हैं इसलिए पहले उनको मैं सुन लूं ।